दिन– शुक्रवार दिनांक– 24 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीवान और बक्सर में करेंगे चुनावी सभाएं।

02. महागठबंधन के चुनाव प्रचार अभियान की आज से हो रही शुरूआत। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सिमरी–बख्तियारपुर और भाकपा–माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य आरा में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित।

03. दूसरे और अंतिम चरण के विधानसभा चुनाव के लिए सत्तर उम्मीदवारों के पर्चे वापस लेने के बाद एक हजार तीन सौ दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

04. और, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव। पटना, वैशाली और शेखपुरा समेत कई जिलों में सुबह के समय कुहासे की स्थिति।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे।

–––बाईट–––

इधर, भाजपा के बिहार चुनावी प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान तथा हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी समेत एनडीए के सभी प्रमुख घटल दलों के नेता मौजूद रहेंगे।

–––बाईट–––

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज सीवान और बक्सर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह जनसभाओं को संबोधित करने के बाद पटना में पार्टी नेताओं के साथ एक बैठक भी करेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के मेहमदपुर में भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरा बूथ सबसे मज़बूत कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने कहा है कि देश में तेज़ी से विकास हो रहा है और बिहार इस यात्रा में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है।

———बाईट—पीएम———

आज देश में विकास का महायज्ञ चल रहा है और बिहार भी इसमें कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। बिहार में हर एक क्षेत्र में हर एक दिशा में काम हो रहा है कहीं अस्पताल बन रहे हैं, कहीं नई रेलवे रूट बन रहे हैं, कहीं अच्छे स्कूल बन रहे हैं और इसका बहुत बड़ा कारण यह है कि देश और बिहार में एक स्थिर सरकार है। जब स्थिरता होती है तो विकास तेज होता है। बिहार की एनडीए सरकार की शक्ति भी यही है और इसलिए आज बिहार का हर नौजवान उत्साह से कह रहा है रफ्तार पकड़ चुका बिहार फिर से एनडीए सरकार।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज से चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री यादव आज सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के सलखुआ में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री यादव का दरभंगा जिले के केवटी समेत कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी चुनावी सभा करने का कार्यक्रम है। तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद रहेंगे। इधर, भाकपा—माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य भी आज से चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। वे आज आरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में एक हजार तीन सौ दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन सत्तर अभ्यर्थियों ने अपने पर्चे वापस लिये। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बाईस उम्मीदवार रोहतास जिले के सासाराम विधानसभा क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, सबसे कम पांच उम्मीदवार चनपटिया, रक्सौल, सुगौली और त्रिवेणीगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। कल जिन उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया उनमें वारिसलीगंज और प्राणपुर से कांग्रेस उम्मीदवार और बाबूबरही से वीआईपी उम्मीदवार प्रमुख हैं। दूसरे चरण के तहत कुल एक हजार सात सौ इकसठ प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। उनमें से तीन सौ नवासी प्रत्याशियों के पर्चे रद्द कर दिये गये थे। इस चरण के तहत ग्यारह नवम्बर को मतदान होना है।

---

जदयू ने इक्यावन सदस्यीय चुनाव अभियान समिति का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर करेंगे। पार्टी के प्रदेश

अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समिति के संयोजक और रंजू गीता समिति की सह संयोजक होगी।

---

महागठबंधन अट्ठाईस अक्टूबर को चुनाव घोषणा पत्र जारी करेगा। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव घटक दलों के अन्य नेताओं की मौजूदगी में घोषणा पत्र जारी करेंगे।

---

आम आदमी पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी ने महिलाओं के लिए मईया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को तीन हजार रूपये प्रति माह देने का वादा किया है।

---

बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे में कांग्रेस नेताओं के असंतोष के बीच कृष्णा अल्लावरू को युवा कांग्रेस प्रभारी पद से मुक्त कर दिया गया है। हालांकि वे पार्टी के बिहार प्रभारी बने रहेंगे। अल्लावरू अभी तक दोनों जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पार्टी ने उनकी जगह मनीष शर्मा को युवा कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया है।

---

बिहार में हुये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत दो लाख बारह हजार नौ सौ निन्यानवे प्रवासी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाये गये हैं। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक प्रवासी मतदाता पूर्णियां जिले में हैं। जिले में सत्रह हजार एक सौ अट्ठाईस मतदाताओं के प्रवासी होने की रिपोर्ट दर्ज की गयी। इन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं। वहीं, इसके बाद पश्चिम चम्पारण जिले से सबसे अधिक प्रवासियों के नाम मतदाता सूची से हटाये गये।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रोज़गार मेला पहल के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इक्यावन हज़ार से ज़्यादा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। सत्रहवें रोजगार मेले के दौरान प्रधानमंत्री नवनियुक्त युवाओं को संबोधित भी करेंगे।

---

बैंकिंग कानून संशोधन अधिनियम– 2025 के तहत नामांकन से संबंधित प्रावधान एक नवम्बर से प्रभावी होंगे। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये प्रावधान

जमाकर्ताओं को अपनी प्राथमिकता के अनुसार नामांकन की सुविधा देंगे। इससे ग्राहक अधिकतम चार व्यक्तियों को नामित कर सकेंगे और जमाकर्ताओं तथा उनके नामित व्यक्तियों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया सरल हो जाएगी।

———————————————————

लोक आस्था का महापर्व छठ कल नहाय–खाय के अनुष्ठान के साथ शुरू होगा। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि छठ महापर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार पटना नगर निगम क्षेत्र में एक सौ तिरेपन घाटों और तालाबों पर छठव्रती अर्घ्य अर्पित करेंगे। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने बताया कि घाटों तक एप्रोच रोड बनाए जा रहे हैं और बांस–बल्लों से बैरिकेडिंग की जा रही है। इधर, डाक विभाग ने छठ व्रतियों के लिए माई स्टाम्प जारी किया है। इस पहल के तहत छठ व्रती अपनी तस्वीर के साथ स्टाम्प बनवा सकते हैं।

———————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में रेल भवन के वॉर रूम से विशेष रेलगाडियों की समीक्षा की। उन्होंने छठ पूजा से पहले रेलवे कं तैयारियों की समीक्षा भी की। त्योहारों के दौरान बढ़ती यात्रियों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए वॉर रूम की स्थापना की गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश भर में तीन स्तरीय वॉर रूम हैं।

———बाईट———

नियमित ट्रेन सेवाओं के अलावा अगले चार दिन तक प्रतिदिन औसतन तीन सौ विशेष रेलगाडियों के साथ एक हजार पांच सौ विशेष रेलगाडियां चलाई जाएंगी।

———————————————————

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव दिख रहा है। आज पटना, वैशाली और शेखपुरा समेत कई जिलों में सुबह के समय कुहासा देखा गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल से राज्य के दक्षिण–पूर्व हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। कहीं–कहीं बूंदाबांदी भी होने की सम्भावना है। इस बीच, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग– एनएचआरसी ने देश में शीत लहर को ध्यान में रखते हुए उन्नीस राज्य सरकारों और चार केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों से एहतियाती कदम उठाने और राहत उपाय लागू करने का आग्रह किया है।

———————————————————

पटना जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के रामलालपुर गांव में पईन में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। वहीं, नालंदा जिले के सिलाव थाना क्षेत्र के दरियासराय गांव के पास पनचाने नदी में डूबने से दो चचेरे भाईयों की मौत हो गयी।

---

मोतिहारी–गोपालगंज सीमा के डुमरिया घाट के पास कस्टम विभाग ने वाहन जांच के दौरान एक बस से बीस ड्रोन कैमरे जब्त किये है। इनका बाजार मूल्य लगभग बाईस लाख रूपये बताया जाता है।

---

सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के बहुरिया कोठी के पास स्पेशल टीम ने एक युवक के पास से सत्रह लाख पैंतालीस हजार रूपये मूल्य के जेवरात बरामद किये हैं। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने महागठबंधन की ओर से राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किये जाने से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी– ऐलान– तेजस्वी बिहार में इंडिया का सीएम चेहरा। सरकार बनने पर मुकेश सहनी उपमुख्यमंत्री होंगे। दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद को प्रमुखता देते हुये लिखा है– नौजवान अब बिहार में रहकर कमायेगा नाम। प्रभात खबर ने जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को सुर्खी देते हुये लिखा है–कुछ लोग मतदान से पहले बन रहे जीविका दीदियों के हितैषी। दैनिक भास्कर लिखता है– दिल्ली से पटना आ रहे विमान में गड़बड़ी एक सौ सत्तर यात्री बचे। राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– सीतामढ़ी का कुख्यात रंजन पाठक समेत चार बदमाश दिल्ली में ढेर। आज अखबार लिखता है– आरआरबी में आठ हजार आठ सौ पचास पदों पर भर्ती।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीवान और बक्सर में करेंगे चुनावी सभाएं।

02. महागठबंधन के चुनाव प्रचार अभियान की आज से हो रही शुरूआत। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सिमरी–बख्तियारपुर और भाकपा–माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य आरा में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित।

03. दूसरे और अंतिम चरण के विधानसभा चुनाव के लिए सत्तर उम्मीदवारों के पर्चे वापस लेने के बाद एक हजार तीन सौ दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

04. और, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव। पटना, वैशाली और शेखपुरा समेत कई जिलों में सुबह के समय कुहासे की स्थिति।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।